कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक
OFFICE OF CONTROLLER GENERAL OF DEFENCE ACCOUNTS
उलान बटार मार्ग, पालम, दिल्ली छावनी-110010
ULAN BATAR MARG, PALAM, DELHI CANTT.-110010

फैक्स/त्वरित डाक

सं. प्रशा./2/2151/डी.पी.सी./स.नि.(रा.भा.)/2016-17 दिनांक 30 मार्च 2017

सेवा में,

रक्षा लेखा नियंत्रक,
रिज रोड,
जबलपुर – 482001

विषय: वरिष्ठ अनुवादक से सहायक निदेशक (राजभाषा) ग्रेड में पदोन्नति: श्री विनोद कुमार, व. अनुवादक / 8322255।

सक्षम प्राधिकारी ने श्री विनोद कुमार, व. अनुवादक का नियमित आधार पर वेतन मैट्रिक्स के लेवल-10 (पे-बैण्ड-3 ₹ 15600-39100, ग्रेड-पे ₹ 5400/-, पूर्व-संशोधित 6-वें वेतन आयोग) में पदोन्नति हेतू अनुमोदन किया है। उन्हें सहायक निदेशक (राजभाषा) के ग्रेड में पदोन्नति पर मुख्य कार्यालय रक्षा लेखा नियंत्रक, जबलपुर में ही पदस्थापित किया गया है। यह पदोन्नति, तत्काल प्रभाव से अथवा श्री विनोद कुमार, व.अनुवादक के कार्यभार ग्रहण करने के बाद, जो भी बाद में हो, से प्रभावी होगी।

2. पदोन्नति से पूर्व कृपया यह सूनिश्चित किया जाए कि श्री विनोद कुमार, व. अनुवादक के संबंध में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 14.09.1992 के कार्यालय ज्ञापन सं. 22011/4/91-Estt (A) पैरा 2 में दी गई परिस्थितियां ना आई हो।

3. श्री विनोद कुमार, व.अनुवादक का सहायक निदेशक (रा.भा.) के ग्रेड में पदोन्नति की तारीख तक की विधिवत सत्यापित अचल संपत्ति विवरणी भी कार्यग्रहण करने की तारीख से 15 दिनों के भीतर प्रेषित करें।

4. श्री विनोद कुमार, व.अनुवादक की पदोन्नति संबंधी कार्यालय आदेश भाग-2 की प्रति निम्नलिखित प्रारूप में अधिसूचित करें तथा इस मुख्यालय के प्रशासन अनुभाग-2 को उसकी प्रति पृष्ठांकित की जाए: -

क्र. सं.	अधिकारी का नाम	जन्म तिथि	कार्यालय जहां कार्यरत है	कार्यमुक्ति की तारीख	कार्यालय जहां तैनाती हुई	कार्यग्रहण की तारीख

5. श्री विनोद कुमार, व.अनुवादक से संबंधित इस मुख्यालय कार्यालय को डी.पी.सी. के लिए भेजे गये ए.पी.ए.आर. डोज़ियर के बाद जो भी ए.पी.ए.आर./एम.टी.पी.ए.आर. (वार्षिक कार्यनिष्पादन मुल्यांकन रिपोर्ट/मध्यावधि कार्यनिष्पादन मुल्यांकन रिपोर्ट) देय है, विधिवत पूर्ण करके इस मुख्यालय कार्यालय को तत्काल प्रेषित करें।

6. कृपया इस पत्र की प्राप्ति की पावती दें।

(मुश्ताक अहमद)
रक्षा लेखा उप महानियंत्रक (प्रशा.)

प्रतिलिपि प्रेषित : -

1. प्रशासन-10, 11, 13 तथा हिन्दी कक्ष (स्थानीय) ....कृपया सूचनार्थ।
2. सूचना तकनीकि तथा प्रणाली कक्ष ....कृपया मुख्यालय कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करें।

-ह-

(मुश्ताक अहमद)
रक्षा लेखा उप महानियंत्रक (प्रशा.)